# जिला स्तरीय वन अधिकार समिति जिला रतलाम

## कार्यवाही विवरण

———00———

कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग रतलाम के पत्र कमांक 2428/कार्य/वन भूमि/कुआझागर/2022 रतलाम दिनांक 12.10.2022 के अनुसार कुआझागर सिंचाई परियोजना का वन भूमि अधिग्रहण संबंधी स्टेज–1 प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने के लिये वन भूमि प्रकरण में FRA प्रमाण पत्र चाहा गया था। कार्यालयीन नस्ती के अवलोकन में पाया गया कि ग्राम सभा की सहमति एवं उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के अनुमोदन उपरान्त पूर्व में कुआझागर सिंचाई परियोजना निर्माण हेतु त्रुटिवश FRA LINEAR PROJECT (लिनियर प्रमाण पत्र) जारी किया गया है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग रतलाम के पत्र कमांक 2508/कार्य/ वन भूमि/कुआझागर/2022 रतलाम दिनांक 19.10.2022 के द्वारा कुआझागर सिंचाई परियोजना निर्माण हेतु FRA (Other Then Linear Projects) प्रमाण पत्र भारत सरकार से प्रभावित वन भूमि की सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु चाही गई है। उपखण्ड स्तरीय वन अधिकारी समिति की अनुशंसा/अनुमोदन उपरान्त जिला स्तरीय वन अधिकार समिति रतलाम की अनुशंसा/अनुमोदन हेतु दिनांक 27.12.2022 को कुआझागर सिंचाई परियोजना निर्माण के लिये वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत ग्राम कुआझागर (ग्राम पंचायत कुआझागर) की 20.512 हेक्टर वन भूमि का गैरवानिकी प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का प्रस्ताव जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 अंतर्गत उपखंड वन अधिकार समिति के समक्ष ग्राम कुआझागर (ग्राम पंचायत कुआझागर) के ग्राम सभा में अनुमोदन एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र की कुआझागर सिंचाई परियोजना निर्माण से वन भूमि एवं राजस्व भूमि के डूब में आने पर ग्राम पंचायत को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। अतः पूर्व में जारी FRA LINEAR PROJECT (लिनियर प्रमाण पत्र) को निरस्त करते हुये ग्राम सभाओं से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्रों एवं अनुशंसा के आधार पर कुआझागर सिंचाई परियोजना निर्माण हेतु 20.512 हैक्टर वन भूमि का गैरवानिकी प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के लिये FRA (Other Then Linear Projects) प्रमाण पत्र जारी करने हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा अनुशंसा/अनुमोदन किया जाता है।

**संलग्न :– प्रपत्र अ एवं ब।**

| | | |
|---|---|---|
| (पारुल जैन) | (आदर्श श्रीवास्तव) | (नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी) |
| **सहायक आयुक्त** | **वन मण्डल अधिकारी** | **कलेक्टर** |
| **जनजातीय कार्य विभाग** | **सदस्य** | **जिला–रतलाम** |
| **जिला रतलाम** | **सामान्य वन मण्डल, रतलाम** | |